भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

08/08/2024 अखिल भारतीय

प्रैस विज्ञप्ति 8 अगस्त, 2024

एनएसई कोड:- LICI बीएसई कोड:- 543526

वित्त वर्ष 2024-2025 के अप्रैल-जून (प्रथम तिमाही) के लिए अद्यतन प्रदर्शन

- कर पश्चात लाभ 9.61% से बढ़कर 10,461 करोड़ रुपये हो गया।
- प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) से समग्र बाजार हिस्सेदारी वर्ष दर वर्ष आधार पर 61.42% से बढ़कर 64.02% हो गई।
- कुल प्रीमियम आय 15.66% से बढ़कर 1,13,770 करोड़ रुपये हो गई।
- नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) 13.67% से बढ़कर 11,892 करोड़ रुपये हो गई।
- समग्र एपीई 21.28% से बढ़कर 11,560 करोड़ रुपये हो गया।
- व्यक्तिगत व्यवसाय नॉन पार एपीई 165.63% से बढ़कर 1,615 करोड़ रुपये हो गया।
- समूह व्यवसाय एपीई 34.37% से बढ़कर 4,813 करोड़ रुपये हो गया
- व्यक्तिगत व्यवसाय के भीतर नॉन पार एपीई हिस्सेदारी वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के लिए 23.94% पर है, जबकि वित्त वर्ष 24 की प्रथम तिमाही में यह 10.22% थी।
- नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 23.66% से बढ़कर 1,610 करोड़ रुपये हो गया।
- वीएनबी मार्जिन (शुद्ध) 20 बीपीएस से बढ़कर 13.9% हो गया।
- एयूएम 16.22% से बढ़कर 53.59 लाख करोड़ रुपये हो गया।
- सॉल्वेंसी अनुपात 1.89 से बढ़कर 1.99 हो गया।
- समग्र व्यय अनुपात 12.85% से 98 बीपीएस घटकर 11.87% हो गया।

मुंबई, 8 अगस्त, 2024: भारतीय जीवन बीमा निगम ("एलआईसी") के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति दी एवं अंगीकृत किया। नीचे हमारे एकल परिणामों के मुख्य बिंदु दिए गए हैं।

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) 10,461 करोड़ रुपये था, जबकि 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 9,544 करोड़ रुपये था, जो 9.61 % की वृद्धि प्रदर्शित करता है।

प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 64.02% की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी के मामले में अग्रणी बनी हुई है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 39.27% और समूह व्यवसाय में 76.59% बाजार हिस्सेदारी थी।

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कुल प्रीमियम आय 1,13,770 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 98,363 करोड़ रुपये थी, जो 15.66 % की वृद्धि दर्शाती है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलनात्मक अवधि के लिए 62,773 करोड़ रुपये से बढ़कर 67,192 करोड़ रुपये हो गया, जो 7.04 % की वृद्धि दर्शाता है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 46,578 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 35,590 करोड़ रुपये थी, जो 30.87 % की वृद्धि दर्शाती है।

30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान व्यक्तिगत सेगमेंट में कुल 35,65,519 पॉलिसियाँ बेची गईं, जबकि 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान 32,16,301 पॉलिसियाँ बेची गईं, जो 10.86 % की वृद्धि दर्शाती है।

वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) के आधार पर, 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कुल प्रीमियम 11,560 करोड़ रुपये था। इसमें से 58.37% (6,747 करोड़ रुपये) व्यक्तिगत व्यवसाय और 41.63% (4,813 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय द्वारा दिया गया। व्यक्तिगत व्यवसाय के भीतर एपीई आधार पर पार उत्पादों का हिस्सा 76.06% (5,132 करोड़ रुपये) था और शेष 23.94% (1,615 करोड़ रुपये) नॉन पार उत्पादों के कारण था। नॉन पार एपीई 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए 608 करोड़ रुपये से बढ़कर 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 1,615 करोड़ रुपये हो गया है, जो 165.63 % की वृद्धि दर्ज करता है। इसलिए, एपीई आधार पर, व्यक्तिगत व्यवसाय का हमारा नॉन पार हिस्सा, जो 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए 10.22% था, 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए बढ़कर 23.94 % हो गया है।

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए नए व्यवसाय का मूल्य (वीएनबी) 1,610 करोड़ रुपये था, जबकि 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 1,302 करोड़ रुपये था, जिसमें 23.66% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध वीएनबी मार्जिन 20 बीपीएस से बढ़कर 13.9% हो गया, जबकि 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 13.7% था।

30 जून, 2024 को सॉल्वेंसी अनुपात 30 जून, 2023 को 1.89 की तुलना में बढ़कर 1.99 हो गया।

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए प्रीमियम आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः 78.23% और 61.62% थे। 30 जून, 2023 को समाप्त इसी तिमाही के लिए तुलनात्मक स्थायित्व अनुपात क्रमशः 78.37% और 62.73% थे।

30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, 13वें महीने और 61वें महीने के लिए पॉलिसियों की संख्या के आधार पर स्थायित्व अनुपात क्रमशः **67.81%** और **49.39%** थे। 30 जून, 2023 को समाप्त इसी अवधि के लिए तुलनात्मक स्थायित्व अनुपात क्रमशः 66.15% और 50.79% थे।

प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 30 जून, 2024 को बढ़कर **53,58,781** करोड़ रुपये हो गई, जबकि 30 जून, 2023 को यह 46,11,067 करोड़ रुपये थी, जो साल दर साल **16.22%** की वृद्धि दर्शाती है।

30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए समग्र व्यय अनुपात **11.87%** था, जबकि 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 12.85% था, जिसमें **98** बीपीएस की कमी दर्ज की गई।

अवास्तविक लाभ को छोड़कर पॉलिसीधारकों के फंड के निवेश पर प्रतिफल 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए **8.54%** था, जबकि 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए यह 8.78% था।

**सिद्धार्थ महान्ति, सीईओ एवं एमडी, भारतीय जीवन बीमा निगम ने कहा:–**

"इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, हमारी बाजार हिस्सेदारी, पिछले वर्ष की इसी तिमाही के **61.42%** और **31** मार्च, **2024** को समाप्त पूरे वर्ष के लिए **58.87%** की तुलना में, बढ़कर **64.02%** हो गई। पिछले वर्ष के दौरान उत्पाद मिश्रण, चैनल मिश्रण और मार्जिन सुधार में परिवर्तनों को समेकित करने पर ध्यान केंद्रित करने के बाद एलआईसी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के अपने निर्धारित उद्देश्य पर आगे बढ़ रही है। व्यक्तिगत सेगमेंट में नॉन पार उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने की गति जारी है और व्यक्तिगत व्यवसाय के भीतर एपीई आधार पर हमारी नॉन पार हिस्सेदारी पिछले वर्ष की इसी तिमाही के **10.22%** की तुलना में वित्त वर्ष **25** की पहली तिमाही में बढ़कर **23.94%** हो गई है। इन विकास मापदंडों को प्राप्त करते हुए हमारा मार्जिन स्थिर है और इस तिमाही में हमारा व्यय अनुपात **98** बीपीएस घटकर **11.87%** हो गया हैं। भारत में बीमा उद्योग के अग्रणी के रूप में हम बीमा पैठ बढ़ाने की अपनी जिम्मेदारी के प्रति सचेत हैं और हम इसे हासिल करने के लिए नियामक प्राधिकरणों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। हम अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को और बेहतर बनाने तथा मार्जिन में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डिजिटल परिवर्तन की प्रक्रिया के साथ हम अपने ग्राहकों और भागीदारों के लिए एक सहज अनुभव बनाने का इरादा रखते हैं। हम अपने ग्राहकों, शेयरधारकों, वितरण भागीदारों और कर्मचारियों का धन्यवाद करते हैं जिनके निरंतर समर्थन से हम अपनी यात्रा के अगले चरण में आगे बढ़ते हुए बेहतर संधारणीय मूल्य बनाने में सक्षम होते हैं।"

## प्रमुख प्रचालन और वित्तीय मेट्रिक्स:

| क्र॰ स॰ | विवरण | 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही (रु॰ करोड़ में) | 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही (रु॰ करोड़ में) | वर्ष दर वर्ष वृद्धि % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर पश्चात लाभ (पीएटी) | 9,544 | 10,461 | 9.61% |
| 2 | नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) | 10,462 | 11,892 | 13.67% |
| 3 | नवीकरण प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 52,311 | 55,300 | 5.71% |
| 4 | कुल प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 62,773 | 67,192 | 7.04% |
| 5 | कुल समूह व्यवसाय प्रीमियम | 35,590 | 46,578 | 30.87% |
| 6 | कुल प्रीमियम आय | 98,363 | 1,13,770 | 15.66% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | बेची गई पॉलिसियों की संख्या(व्यक्तिगत) | 32,16,301 | 35,65,519 | 10.86% |
| 8 | नव व्यवसाय का मूल्य (शुद्ध) | 1,302 | 1,610 | 23.66% |
| 9 | प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियाँ | 46,11,067 | 53,58,781 | 16.22% |
| 10 | वीएनबी मार्जिन(शुद्ध) | 13.7% | 13.9% | 20 बीपीएस की बढ़त |
| 11 | समग्र व्यय अनुपात | 12.85% | 11.87% | 98 बीपीएस से कम |
| 12 | सॉल्वेंसी अनुपात | 1.89 | 1.99 | |
| 13 | 13 माह/ 61 माह स्थायित्व (प्रीमियम आधार पर) | 78.37% / 62.73% | 78.23% / 61.62% | |
| 14 | 13 माह/ 61 माह स्थायित्व (पॉलिसियों की संख्या के आधार पर) | 66.15% / 50.79% | 67.81% / 49.39% | |
| 15 | व्यक्तिगत व्यवसाय एपीई | 5,950 | 6,747 | 13.41% |
| 16 | समूह व्यवसाय एपीई | 3,582 | 4,813 | 34.37% |
| 17 | कुल एपीई (समूह+व्यक्तिगत) | 9,532 | 11,560 | 21.28% |
| 18 | व्यक्तिगत एपीई उत्पाद मिश्रण (%) (पार/ संबद्ध सहित नॉन पार) | 89.78% / 10.22% | 76.06% / 23.94% | |

टिप्पणी:- वित्तीय स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के एकल वित्तीय परिणाम और संबंधित नोट्स देखें, जो स्टॉक एक्सचेंजों और निगम की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं।

दिनांकित 08 अगस्त 2024

अधिक जानकारी के संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)

भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ईमेल :ed_cc@licindia.com, www.licindia.in पर विजिट करें

---

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी आपके पाठकों हेतु मूल्यवान होगी।

हम आपको इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करेंगे कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है।